# राजकीय महाविद्यालय झण्डुता, तहसील झण्डुता, जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/11 से 3/13 तक

## भाग–एक

1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में समाविष्ट पैरों/अनुच्छेदों पर तैयार किए गए सटिप्पण उत्तरों की वर्तमान अंकेक्षण पर समीक्षा करने पर पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न से पाई गई। अनिर्णीत पैरों के पूर्ण निपटारे हेतु अविलम्ब कार्यवाही की जाए।

(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 6/07 से 3/11 तक

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–2 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क राशि ₹22000/– दिनांक 4.6.11 को जमा करवा दी गई) |
| 2 | पैरा–3 | निर्णीत | (रोकड़ वही से मिलान कर लिया गया है) |
| 3 | पैरा–4 | निर्णीत | (अग्रिम रजिस्टर का निर्माण दिनांक 1.1.2012 से किया गया) |
| 4 | पैरा–5 (1) | अनिर्णीत | (राशि ₹2640/– की वसूली शेष है) |
| 5 | पैरा–5 (2) | निर्णीत | (सुझाव प्रक्रिया अपनाई गई) |
| 6 | पैरा–6 | निर्णीत | (राशि ₹1614.00 अन्तरित प्रविष्टियॉ दिनांक 5.7.13 को की गई) |
| 7 | पैरा–7 (1) | निर्णीत | (समीक्षा कर ली गई है) |
| 8 | पैरा–7 (2) | निर्णीत | (सटिप्पण उत्तर उपरान्त पैरा हटाया गया) |
| 9 | पैरा–7 (3) | निर्णीत | (पुष्टि की गई) |
| 10 | पैरा–8 | निर्णीत | (राशि ₹524/– की वसूली दिनांक 7.8.12 को कर ली गई है) |
| 11 | पैरा–9 | अनिर्णीत | (कार्योत्तर स्वीकृति अपेक्षित है) |
| 12 | पैरा–10 | निर्णीत | (स्टॉक पृ0 203 पर दर्ज पाई गई) |
| 13 | पैरा–11 | निर्णीत | (अन्तरित प्रविष्टियां देख ली गई) |
| 14 | पैरा–12 | अनिर्णीत | (वसूली अपेक्षित है) |
| 15 | पैरा–13 | अनिर्णीत | (वसूली अपेक्षित है) |

<u>भाग–दो</u>

2 **वर्तमान लेखा परीक्षाः–**

राजकीय महाविद्यालय, झण्डुता, जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश के छात्र निधि लेखों अवधि 4/11 से 3/13 तक का लेखा परीक्षण एवं निरीक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिये गए है, श्री यशवीर कुमार अनुभाग अधिकारी द्वारा राजकीय महाविद्यालय झण्डुता में दिनांक 1.7.2013 से 9.7.2013 तक के दौरान किया गया। विस्तृत जॉच हेतु निम्न वर्णित मासों को चयनित किया गया। आय एवं व्यय की शतप्रतिशत जॉच की गई।

| अवधि | चयनित मास |
|---|---|
| 2011–2012 | 6/11, 12/11 |
| 2012–2013 | 6/12, 10/12 |

अंकेक्षण प्रतिवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत की गई सूचनाओं एवं अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेखों के आधार पर तैयार किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सूचना प्रस्तुत न करने एवं गलत सूचना प्रस्तुत करने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

3 **वित्तीय स्थितिः–**

छात्र निधियों की वित्तीय स्थिति का विवरण परिशिष्ट "क" में दर्शाया गया है।

4 **अंकेक्षण शुल्कः–**

राजकीय महाविद्यालय, झण्डुता के छात्र निधि लेखों अवधि 4/11 से 3/13 तक की जांच हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹14000/– बनता है। अनुभाग अधिकारी की अधियाचना संख्या 8 दिनांक 5.07.2013 के द्वारा उक्त राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेजने हेतु प्रधानाचार्य से अनुरोध किया गया।

अंकेक्षण शुल्क का विवरण वार्षिक आय के आधार पर निम्न वर्णित हैः–

| अवधि | छात्रो से प्राप्त शुल्क राशि | अंकेक्षण शुल्क (₹) |
|---|---|---|
| 2011–12 | 226288 | 7000 |
| 2012–13 | 286132 | 7000 |
| | | 14000 |

5 <u>दिनांक 31.3.2013 तक निधियों का शेष विवरणः–</u>

| क्र0सं0 | निधि का नाम | राशि | खाता सं0 | बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मिश्रित निधि | 12364 | 5647 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 2 | मैगजीन निधि | 14497 | 8564 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 3 | यूनिवर्सिटी निधि | 7417 | 5719 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 4 | लाईब्रेरी निधि | 60630 | 5718 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 5 | रैंजर रोबर | 75664 | 5720 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 6 | ज्योग्राफी | 12474 | 8569 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 7 | कल्चर एक्टीविटी | 14025 | 8567 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 8 | कैम्पस डिवलपमैन्ट | 4962 | 8566 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 9 | जुर्माना निधि | 1330 | 8993 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 10 | कम्पयूटर निधि | 8313 | 9364 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 11 | फर्नीचर निधि | 2763 | 8565 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 12 | मैडिकल निधि | 4092 | 8563 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 13 | पहचान पत्र | 4192 | 8561 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 14 | स्पोर्टस फण्ड | 87133 | 9365 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 15 | बुक रिपलेसमैन्ट | 17570 | 8562 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 16 | गृह परीक्षा | 4594 | 8560 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |
| 17 | छात्र कल्याण | 1256 | 8568 | हि0प्र0 राज्य का बैंक झण्डुता |

6 <u>राजकीय कोष में चालान के माध्यम से जमा करवाए शुल्कों का मिलान के सन्दर्भ में:–</u>

अंकेक्षण अवधि 4/11 से 3/13 तक प्रवेश शुल्क टयुशन फीस एवं अन्य राशियों की प्राप्ति उपरान्त चालान के माध्यम से यूको बैंक शाखा झण्डुता में जमा करवाया गया परन्तु इन राशियों का मिलान राजकीय कोष झण्डुता से नहीं किया गया जिसका मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

7 <u>अग्रिम राशि ₹618.00 की वसूली बारे:–</u>

(1) वाउचर संख्या 11 दिनांक 19.9.2011 राशि ₹6000.00 अग्रिम के रूप में प्रवक्ता राज लक्ष्मी नेगी को राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ के अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दिया गया समायोजन वाउचर की पड़ताल पर व्यय अभिलेख इस प्रकार प्रस्तुत किए गए।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बस रियायती | 784 |
| 2 | सामान क्रय | 743 |
| 3 | ऐन्टरी | 250 |
| 4 | दर क्रय भुगतान | 480 |
| 5 | दैनिक भत्ता छात्रा को | 3125 |
| | **कुल योग** | **5882** |

अग्रिम राशि में शेष राशि ₹618.00 को प्रवक्ता द्वारा रसीद संख्या 2597 दिनांक 8.11.2011 को जमा करवाया गया जिस की प्रविष्टी फीस व फण्ड रजिस्टर पृ0 113–114 पर दर्ज करवाई गई परन्तु उक्त राशि को खाता संख्या 5647 व रोकड़ वही में जमा नहीं करवाया गया जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व आवश्यक वसूली सम्बन्धित कर्मचारी से करके राशि जमा करवाई जाए।

2 <u>वाउचर संख्या 15 दिनांक 10.12.11 राशि ₹8150/–</u>

उपरोक्त वाउचर संख्या द्वारा सहायक रजिस्टर (आर0एफ0ई0) हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला–9 को शैक्षणिक स्तर 2011–2012 के लिए परीक्षा फीस के रूप मे भेजी गई परन्तु राशि की वास्तविक रसीद अभिलेख में संलग्न नही पाई गई। बिना रसीद के किये गए भुगतान बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व आवश्यक रसीद शीध्र प्राप्त करके सत्यापनार्थ अंकेक्षण में प्रस्तुत की जाए।

8 **परीक्षा निधिः–**

वाउचर संख्या 3 दिनांक 16.9.11 राशि ₹4630

वाउचर संख्या 8 दिनांक 10.2.13 राशि ₹2400

उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्तिः–

वर्णित वाउचर संख्या द्वारा मैसर्ज शंकर प्रिंटिंग प्रैस घुमारवीं से उनके बिल संख्या 597 दिनांक 8.12.10 व बिल संख्या 2233 दिनांक 10.2.13 के एवज में राशि ₹4630+₹2400 का भुगतान 20 पेज उतरपुस्तिका व 4 रिम को क्रय के एवज में किया दर्शाया है परन्तु इस क्रय को स्टॉक प्रविष्टियॉ दर्ज नहीं की गई। इसके अतिरिक्त बिल संख्या 2233 की राशि ₹2400 पर प्राचार्य के भुगतान हेतु पारित आदेश नहीं पाए गए जोकि एक अनियमिता को दर्शाता है। बिना स्टॉक की पुष्टि को दर्शाये किये गए भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए व आवश्यक सत्यापनोपरान्त स्टॉक प्रविष्टियां अभिलेख में की जाए। अन्यथा अनुचित प्रकार से दर्शाए गए व्यय ₹7030 की वसूली करके राशि छात्र निधि में जमा करवाऐं।

9 **लधु आपत्ति विवरणिकाः–** यह अलग से जारी नहीं की गई।

10 **निष्कर्षः–** लेखों में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश,शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याःफिन(एल0ए0) एच(2)सी(15) xi(xii)227/11 दिनांक 09.12.2013
शिमला–171009

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

**पंजीकृत** 1. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, झण्डुता, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन मे ंसमाविष्ट पैरों के सटिप्पण उत्तर शीध्र तैयार कर इस विभाग को भेजे।

2 निदेशक, शिक्षा विभाग, हि0प्र0 शिमला–171001.

3 उप निदेशक (शिक्षा), बिलासपुर जिला बिलासपुर हि0प्र0

हस्ता/–
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश,शिमला–171009.